माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1159/28 /एके0/MSU/2023–24 दिनांक: 20-09-23

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय : शैक्षिक सत्र 2023–24 से लागू किये जाने वाले पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों हेतु सम्बन्धित विषय पाठ्य समितियों द्वारा तैयार पाठ्यक्रमों का अनुमोदन विद्या परिषद की बैठक दिनांक : 10.08.2023 में कर दिया गया है। विद्या परिषद द्वारा की गई संस्तुतियों का अनुमोदन कार्यपरिषद की बैठक दिनांक : 24.08.2023 में किया जा चुका है।

कुलपति महोदय के निर्देशानुसार उपर्युक्तानुसार अनुमोदित समस्त पाठ्यक्रम सत्र 2023–24 से प्रभावी किये जाने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है। जो पाठ्यक्रम सम्बन्धित विषय पाठ्य समिति द्वारा तैयार नहीं किये जा सके है, ऐसे पाठ्यक्रम पैतृक विश्वविद्यालय (चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ) में प्रभावी पाठ्यक्रम के अनुरूप ही लागू होंगे। कृपया तद्नुसार ही शैक्षिक सत्र 2023–24 से अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. समस्त सम्पादकगण को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार–पत्र में सर्वसाधारण के संज्ञानार्थ प्रकाशित करने का कष्ट करें।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. प्रभारी अतिगोपनीय/परीक्षा।
04. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ

उपकुलसचिव